भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1001

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024
7 श्रावण, 1946 (शक)

आन्ध्र प्रदेश में स्काउटिंग और गाइडिंग को प्रोत्साहन

1001. डॉ. बायरेड्डी शबरी:
श्री जी. लक्ष्मीनारायणः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान स्काउटिंग और गाइडिंग को प्रोत्साहित करने की योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश के नांदयाल और अनंतपुर जिलों में शिविरों के आयोजन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और भागीदारी संबंधी आंकड़ों सहित आयोजित की गई स्काउटिंग और गाइडिंग गतिविधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश के नांदयाल और अनंतपुर में स्काउटिंग और गाइडिंग गतिविधियों के लिए आवंटित और संवितरित केन्द्रीय अनुदान की धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत स्काउट्स और गाइड्स अथवा नांदयाल और अनंतपुर में किसी अन्य मान्यताप्राप्त स्काउटिंग/गाइडिंग संगठन को उक्त योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों अथवा अवसंरचना के विकास हेतु धनराशि प्राप्त हुई है; और

(घ) यदि हां, तो चल रही और पूरी हो चुकी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और धनराशि के उपयोग की स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): "स्काउटिंग और गाइडिंग को प्रोत्साहन स्कीम" के अंतर्गत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों के राष्ट्रीय मुख्यालयों को धनराशि उपलब्ध कराता है। उक्त स्कीम के अंतर्गत बजट का आवंटन राज्य-वार/जिला-वार नहीं किया जाता है। विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा जारी किए गए वित्तीय अनुदान का उपयोग राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों के संचालन के लिए किया गया।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

***